प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 02.04.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. लोकसभा में आज पेश किया गया वक्फ संशोधन विधेयक 2025 : अल्पसंख्यक कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा– केवल वक्फ संपत्तियों से संबंधित है विधेयक, मुसलमानों की धार्मिक प्रथाओं से इसका कोई लेना–देना नहीं।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा–शीघ्र ही देश की नंबर एक अर्थव्यवस्था बनेगा उत्तर प्रदेश।
3. पांच दिवसीय भारत यात्रा पर आये चिली गणराज्य के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक फॉट ने आज प्रतिनिधि मंडल के साथ किया ताजमहल का दीदार।

और

4. अयोध्या में रामनवमी पर परिवहन निगम चलायेगा करीब एक सौ बीस बसं : गर्मी को देखते हुए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने भक्तों से स्वास्थ्य का ध्यान रखने का किया निवेदन।

———————

केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने आज वक्फ संशोधन विधेयक 2025, लोकसभा में पेश किया। संयुक्त संसदीय समिति इस विधेयक को पहले ही मंजूर कर चुकी है। श्री रिजिजू ने विधेयक पेश करते हुए कहा कि इस विधेयक का मुसलमानों की धार्मिक प्रथाओं से

कोई लेना–देना नहीं है। उन्होंने कहा कि यह केवल वक्फ बोर्डों से संबंधित संपत्तियों से जुड़ा है। श्री रिजिजू ने कहा कि सरकार वक्फ बोर्डों को समावेशी और धर्म निरपेक्ष बनाना चाहती है। बाइट.....

*गवर्मेंट किसी भी धार्मिक व्यवस्था को, किसी भी रिलीजियस इंस्टीट्यूशन कोई धार्मिक काम में हस्तक्षेप करने नहीं जा रही है, ना ही वक्फ बोर्ड किसी धार्मिक स्थापित व्यवस्था में कोई भी तरीके से हाथ डालने का प्रावधान है। बिलकुल नहीं है, ये वक्फ बोर्ड का जो प्रावधान किसी मस्जिद, किसी मंदिर, किसी धार्मिक स्थल का व्यवस्था का कोई लेना–देना नहीं है। ये सिंपली एक प्रॉपटी का मैनेजमेंट का व्यवस्था है।*

श्री रिजिजू ने कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक देश के हित में है। उन्होंने कहा कि मौजूदा विधेयक के अनुसार, वक्फ बोर्ड में विभिन्न मुस्लिम संप्रदायों, महिलाओं और गैर–मुस्लिमों और अन्य लोगों का प्रतिनिधित्व होगा। उन्होंने विपक्ष पर विधेयक को लेकर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि संयुक्त संसदीय समिति के साथ–साथ सरकार ने भी कानून बनाते समय हितधार कों के साथ व्यापक परामर्श किया था। बाइट.....

*कुल मिलाकर के 97 लाख 27 थाउजेंड 772 याचिकाएं, ऑनलाइन, फिजिकल मेमोरेंडम के रूप में रिक्वेस्ट के रूप में और सुझाव के रूप में पूरे तरह से सरकार ने देखा है वो जेपीसी के माध्यम से हो या डाइरेक्ट दिया हो हमने सब उसको देखा है इससे बड़ा कभी भी इससे ज्यादा संख्या में किसी भी बिल के ऊपर में लोगों का याचिकाएं नहीं आया आज तक। कुल मिला कर के 284 डेलिगेशन में अलग–अलग समुदाय के जो स्टेक होल्डर्स हैं उन्होंने कमेटी के सामने में अपने बात को रखा है सुझाव भी दिया है।*

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि केंद्र सरकार वक्फ क़ानून के ज़रिये ग़रीब मुसलमानों का उत्थान चाहती है। बाइट.....

*जो वक्फ के संशोधन का बिल संशोधन में आया है उसमें सब कुछ अच्छा है। इस देश के गरीब मुसलमानों की भलाई में पश्मदा मुसलमानों की भलाई में और कुछ मुट्ठी भर लोगों के कैद में जो पूरा वोट रहता था उससे बाहर निकलने का रास्ता बना है जो संपत्ति थी जो उसका दुरुपयोग होता था उससे बचाने का रास्ता निकला है।*

वहीं विपक्षी दलों ने आज सदन में इस विधेयक का विरोध किया। समाजवादी पार्टी के सांसद अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा दूसरे मुद्दों स ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। विधेयक को लेकर संभावित विरोध प्रदर्शनों की आशंका के मद्देनजर प्रदेश भर में हाई अलर्ट जारी है। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने अधिकारियों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं।

साथ ही अगले आदेश तक सभी पुलिसकर्मियों की छुट्टी रद्द कर दी गई हैं। सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने वालां पर नज़र रखने के लिए साइबर सेल सक्रिय की गई है।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि उत्तर प्रदेश शीघ्र ही देश की नंबर एक अर्थव्यवस्था बनेगा। एक समाचार एजेंसी को दिये साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय बढ़ाने में सफल हुई है।

*मेरा अनुमान है कि बहुत शीघ्र उत्तर प्रदेश देश की नंबर एक की अर्थव्यवस्था बनेगा। और उत्तर प्रदेश की यहां की जो पर कैप्टा इन्कम है, नेशनल एवरेज के बराबर भी आने में सफल होगा। और उस दिशा में जो प्रयास आज डबल इंजन सरकार ने उत्तर प्रदेश के अंदर किये हैं उसके परिणाम हम सबके सामने हैं।*

एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमारे लीडर हैं। प्रधानमंत्री का मार्गदर्शन और नेतृत्व उत्तर प्रदेश को एक नई पहचान दिलाने में सफल हुआ है। विकास के लिए स्थिरता नितांत आवश्यक है।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज गाजियाबाद में हुई भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की समन्वय बैठक में शामिल हुए। बैठक में प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और आरएसएस के वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में भाजपा के कामकाज और आगामी योजनाओं पर चर्चा की गई।

————————

पांच दिवसीय भारत यात्रा पर आये चिली गणराज्य के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक फॉट आज ताजमहल का दीदार करने आगरा पहुंचे। उनके साथ उनका प्रतिनिधि मण्डल भी मौजूद रहा। प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने आगरा एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। राष्ट्रपति गेब्रियल का काफिला एयरपोर्ट से कड़ी सुरक्षा के बीच शिल्पग्राम

पहुंचा, जहां राजस्थानी कलाकारों ने ढोल–नगाड़ों के साथ उनका स्वागत किया। राष्ट्रपति ने ताजमहल में डायना बेंच पर बैठकर फोटो सेशन कराया और गाइड से ताज के इतिहास और उसकी पच्चीकारी के बारे में जानकारी ली। इस दौरान ताजमहल को आम पर्यटकों के लिए 4 घंटे के लिए बंद रखा गया।

————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————

आगरा में जल्द ही देश के पहले अंतराष्ट्रीय आलू केंद्र की स्थापना की जायेगी। इसके लिए ज़मीन उपलब्ध करा दी गयी है। प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि आगरा के सींगना क्षेत्र में बनने वाला अंतराष्ट्रीय आलू केंद्र भारत का पहला और दुनिया का चौथा अंतराष्ट्रीय आलू केंद्र होगा। बाइट.....

*जिस दिन हम अच्छा बीज दे पाएँगे और उसके बाद हम आलू को दुनिया के बाजारों तक पहुँचाने में कामयाब हो गए तो मूल्य संवर्धन होगा*

*राज्य के किसानों की उपज का तो इस प्रकार हमारे राज्य की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण हमको मुकाम मिलेगा। अगर हम इसकी उत्पादकता और उत्पादन दोनों बढ़ाने में कामयाब हो गए तो देश के यशस्वी प्रधानमंत्री जी की आशा के अनुरूप राज्य के किसानों की आय बढ़ाने में हम कामयाब होंगे।*

———————

**प्रदेश के किसान मूल्य समर्थन योजना के तहत 30 जून तक दलहन और तिलहन की फसलें न्यूनतम समर्थन मूल्य पर घर बैठे सरकार को बेच सकते हैं। इसके लिये किसान अपने मोबाइल या सुविधा केन्द्र से आन लाइन पंजीकरण करा सकते हैं। इसके साथ ही सरकार ने किसानों की सहुलियत के लिये फार्मर रजिस्ट्री कराने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल तक बढ़ा दी है।**

———————

**चत्र नवरात्रि के चौथे दिन आज भक्त माँ कुष्मांडा और स्कंद माता के दर्शन–पूजन कर रहे हैं। नेपाल क प्रसिद्ध पीर रतननाथ योगी की धार्मिक यात्रा आज कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच नेपाल के जनकपुर मंदिर से देवीपाटन शक्तिपीठ पहुंची। पेश है एक रिपोर्ट......**

*जनपद बलरामपुर के देवी पाटन शक्तिपीठ पर नवरात्रि के पंचमी तिथि को नेपाल से आने वाली बाबा रतन नाथ की शोभा यात्रा नेपाल के सैकड़ों श्रद्धालुओं के साथ देवी पाटन शक्तिपीठ पहुंची, जहां मंदिर के महंत ने यात्रा में शामिल भक्तों का स्वागत किया। शोभा यात्रा में नेपाल की महिलाओं द्वारा कलश लेकर यात्रा के साथ चलना सांस्कृतिक एवं धार्मिक दृष्टि से लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा। यात्रा में नेपाल की धार्मिक एवं लोक कला की झांकी*

*में भारत नेपाल के संबंधोंको दर्शाया गया। राम कुमार मिश्र देवी पाटन शक्ति पीठ बलरामपुर।*

————————

अयोध्या में रामनवमी पर श्रीरामलला मंदिर मं होने वाले विशेष अनुष्ठान के लिए देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। ऐसे में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चम्पत राय ने तेज़ गर्मी को देखते हुए श्रद्धालुओं से स्वास्थ्य रक्षा के उपायों के साथ अयोध्या आने का निवेदन किया है। बाइट...

*अयोध्या में अनुमानतः सत्तर से अस्सी हज़ार श्रद्धालु प्रतिदिन रामलला के दर्शन करने के लिए अयोध्या पधार रहे हैं। अयोध्या में तापमान बढ़ता जा रहा है। मेरा निवेदन है अपने साथ सर ढकने के लिए कपड़ा पानी की एक बॉटल, डायरिया और लू से बचाव करने के लिए ओआरएस घोल रखे ऐसा मैं सब लोगों से बारम्बार निवेदन करता हूँ। ये मेरे सुझाव है।*

रामनवमी पर परिवहन निगम अयोध्या के लिए करीब एक सौ बीस बसों का संचालन करेगा। इनमें से सबसे अधिक बसों का संचालन बस्ती और गोंडा मार्ग पर होगा।

————————

आईपीएल टी–20 क्रिकेट में आज बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चलेंजर्स बेंगलुरु का मुकाबला गुजरात टाइटंस से हो रहा है।

————————

मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों में प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी इलाकों में गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने

का अनुमान जताया है। इस दौरान मेघ गर्जन के साथ तेज़ हवाएं चलने की भी संभावना है।

(समाप्त)